पर्यावरण संरक्षण हेतु 'प्रकृति' कार्यक्रम का आयोजन

"शुभंकर प्रकृति" *के अंतर्गत भा.वा.अ.शि.प.–पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र, प्रयागराज एवं पी.एम.श्री. केन्द्रीय विद्यालय, छिंवकी, प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 13.02.2024 को केन्द्रीय विद्यालय छिंवकी, प्रयागराज में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रसार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्रों को जागरूक करना था। कार्यकम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के समन्वयक तुषार श्रीवास्तव द्वारा केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों डॉ. अनीता तोमर तथा डॉ. अनुभा श्रीवास्तव का स्वागत किया गया। केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने हेतु केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनीता तोमर एवं डॉ. अनुभा श्रीवास्तव द्वारा क्रमशः जैवविविधता संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के छात्रों तथा वैज्ञानिकों के मध्य एक प्रश्नोत्तरी सत्र का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी का सफल आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य, विनोद त्रिपाठी तथा समन्वयक, तुषार श्रीवास्तव के सहयोग से सम्पन्न हुआ।*

NEED AND IMPORTANCE OF
VIRONMENTAL EDUCATION AND CONSERVATION
FOR SUSTAINABLE DEVELOPMENT
DR. ANUBHA SRIVASTAV, SCIENTIST D
ICFRE - ECO-REHABILITATION CENTRE, PRAYAGRAJ, U.P.
(Indian council of Forestry Research and Education, Dehradun)